कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

# जागृति

वर्ष:67 अंक-7 मुम्बई जून 2023






## आयोग के अध्यक्ष ने तवांग युद्ध स्मारक स्तूप (बौद्ध तीर्थ) का दौरा किया

1962 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय शहीदों की याद में बनाया गया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
खादी और ग्रामोद्योग आयोग

वर्ष:67 अंक-7 मुम्बई जून 2023

# जागृति

कामये दु:खतप्तानाम्। प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

## सम्पादकीय मण्डल

अध्यक्ष
श्री विनीत कुमार

संपादक
एम. राजन बाबू

सह संपादक
संजीव पोसवाल

उप संपादक
सुबोध कुमार

डिजाईन व पृष्ठसज्जा

कलाकार
दिलीप पालकर

उप संपादक
सुबोध कुमार

प्रचार, फ़िल्म एवं लोक शिक्षण
कार्यक्रम निदेशालय द्वारा
खादी और ग्रामोद्योग आयोग,
ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम),
मुंबई -400056 के लिए ई-प्रकाशित
ईमेल: kvicpub@gmail.com
वेबसाइट: www.kvic.org.in

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से
खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा संपादक सहमत हों

## इस अंक में.....

समाचार सार ......03-35

खादी ग्रामोद्योग और कारीगर समुदाय के विकास पर चर्चा के लिए आयोग की 697वीं बैठक केवीआईसी कार्यालय, पुणे में आयोजित ......3

माननीय केवीआईसी के अध्यक्ष, श्री मनोज कुमार ने ब्याज सब्सिडी पात्रता प्रमाणपत्र योजना पर अहमदाबाद में बैंकरों के साथ आयोजित बैठक......४

केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने गांधीनगर निफ्ट के छात्रों के साथ प्रेरणा के सूत्र बुने......5

निफ्ट, गांधीनगर के वस्त्र विभाग ने एक खादी प्रदर्शनी का आयोजन......6

केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए असम में लाभार्थियों को बी-बॉक्स, अचार और स्वचालित अगरबत्ती बनाने वाली मशीनों का वितरण ......7

केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने अरुणाचल प्रदेश में तवांग से बुमलादर्रे के रास्ते में स्थित संगेस्टार त्सो झील और माधुरी झील के नाम से लोकप्रिय झील का दौरा किया......12

केवीआईसी के अध्यक्ष ने तवांग वार मेमोरियल का दौरा किया, जो वर्ष 1962 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति......13

केवीआईसी, एरी सिल्क प्रशिक्षण और उत्पादन केंद्र, खादी संस्था - बौद्ध संस्कृति संरक्षण सोसायटी (बीसीपीएस) ल्होउ, जिला तवांग के माध्यम से......14

केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा अरुणाचल प्रदेश और असम में चल रही खादी और ग्रामोद्योग विकास योजना से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा ......15

उत्तर प्रदेश के हापुड में केवीआईसी के अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम विकास योजना वितरण कार्यक्रम का आयोजन......20

हिसार में पीएमईजीपी जागरूकता शिविर का आयोजन......22

केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने पीएमईजीपी इकाई का दौरा किया और उस जगह पर कार्य करने की स्थिति और लाभार्थियों को प्रदान किए जा रहे मूल्य संवर्धन के बारे में निरीक्षण किया।......23

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने जिला-मुरैना के पोरसा में ग्राम विकास योजना के तहत बी बॉक्स, इलेक्ट्रिक चॉक और फुटवेयर निर्माण संबंधी मशीनों का वितरण किया........23

आयोग के अध्यक्ष महोदय ने केवीआईसी की राष्ट्रीय ध्वज निर्माण संस्था "मध्य भारत खादी संघ" का भी दौरा किया......24

मीडिया कवरेज......36




**खादी ग्रामोद्योग और कारीगर समुदाय के विकास पर चर्चा के लिए आयोग की 697वीं बैठक केवीआईसी कार्यालय, पुणे में आयोजित की गई। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बैठक का मुख्य एजेंडा वंचित लोगों का उत्थान करना और उनकी बेहतरी की दिशा में काम करना ।**



# माननीय केवीआईसी के अध्यक्ष, श्री मनोज कुमार ने ब्याज सब्सिडी पात्रता प्रमाणपत्र योजना पर अहमदाबाद में बैंकरों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।











## केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने निफ्ट, गांधीनगर के छात्रों के साथ प्रेरणा के सूत्र बुने।

मुख्य अतिथि के रूप में केवीआईसी के अध्यक्ष की उपस्थिति ने गांधीनगर निफ्ट के छात्रों पर एक अमिट छाप छोड़ी , जिसने स्वदेशी वस्त्र - खादी के प्रति प्रेम को बढ़ावा दिया ।



**निफ्ट, गांधीनगर के वस्त्र विभाग ने एक खादी प्रदर्शनी का आयोजन किया, जहां वस्त्र डिजाइन के छात्रों ने खादी में डिजाइन नवाचार पर अपने अद्भुत काम का प्रदर्शन किया।**



राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
National Institute of Fashion Technology








# केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए असम में लाभार्थियों को बी-बॉक्स, अचार और स्वचालित अगरबत्ती बनाने वाली मशीनों का वितरण

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को पूरा करने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने 09 मई 2023 को असम में तीन अलग-अलग वितरण कार्यक्रमों की शुरूआत की।

विभिन्न कार्यक्रमों में लाभार्थियों को बी- बॉक्स, अचार और स्वचालित अगरबत्ती बाने की मशीने वितरित की गईं। तामुलपुर के कुमारीकाटा गांव में उन्होंने 50 मधुमक्खी पालकों को 500 बी बॉक्स वितरित किए, गुवाहाटी में केवीआईसी परिसर में लाभार्थियों को 40 अचार बनाने की मशीनें और 20 स्वचालित अगरबत्ती मशीनें सौंपीं। ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत सिक्स माइल गुवाहाटी में फुटवेयर



उद्योग से संबंधित एक पायलट परियोजना का भी उद्घाटन किया।

बोडोलैंड, असम में किसान समुदाय को हनी मिशन के माध्यम से लाभान्वित करने का यह स्पष्ट आह्वान पिछले साल इसी माह में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने

तामुलपुर में अपने सार्वजनिक संबोधन के दौरान किया था।

तामुलपुर में सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस आत्मनिर्भर भारत के मंत्र पर काम कर रहे हैं, वह है- हर हाथ को काम और काम का उचित दाम. इसके बाद केवीआईसी देश के गांवों और कस्बों में योजनाएं को कार्यान्वित कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वीट क्रांति के आह्वान पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा वर्ष 2017 से राष्ट्रीय स्तर पर हनी मिशन योजना चलायी जा रही है। इस योजना के तहत, असम राज्य में ८२९ मधुमक्खी पालकों को प्रशिक्षण के बाद ८२९० बी बॉक्स एवं बी-कालोनियां वितरित की गई।



श्री मनोज कुमार ने मधुमक्खी पालकों को विश्व स्तरीय शहद का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि असम के 'स्थानीय शहद' को 'वैश्विक' पहचान मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मधुमक्खी पालन से किसानों की आय भी बढ़ रही है। इसके अलावा, वन क्षेत्र से सटे गांवों में बी-बॉक्स के माध्यम से





हाथियों को मानव आवासों और किसानों के खेतों में प्रवेश करने से रोका जा रहा है, जिससे हाथियों द्वारा मानव हमलों और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं में कमी देखी गई है।

अध्यक्ष महोदय ने यह भी बताया कि प्रोजेक्ट आरई-एचएबी के तहत ऐसा ही एक प्रयास खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा असम के गोलपाड़ा जिले के मोरनोई, दहिकाटा, राजापारा और कदमतला गांवों में किया जा रहा है।

अध्यक्ष ने केवीआईसी परिसर, गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम में 40 लाभार्थियों को अचार बनाने की मशीन और 20 लाभार्थियों को स्वचालित अगरबत्ती मशीने वितरित की।

इस अवसर पर उन्होंने केवीआईसी द्वारा युवाओं और महिलाओं के स्वरोजगार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर लागू किए जा रहे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें लघु उद्योगों की स्थापना के लिए 50 लाख रुपये तक दिए जाते हैं। भारत सरकार द्वारा परियोजना लागत का अधिकतम 35% तक अनुदान दिया जा रहा है।

अध्यक्ष ने साझा किया कि प्रधानमंत्री के दृढ़ लक्ष्यों ने वर्ष 2014 के बाद खादी क्षेत्र में एक नई जान फूंक दी है। खादी अब स्थानीय से वैश्विक हो गई है। इसी का नतीजा है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों का कारोबार रु. 1,15,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है जो आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ।

श्री मनोज कुमार ने कहा कि खादी की बिक्री में सुधार के साथ-साथ खादी कारीगरों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए आयोग ने दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से खादी में काम करने वाले सभी कारीगरों के पारिश्रमिक में 35% की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। जो अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक खादी कारीगरों के पारिश्रमिक में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है।

इस अवसर पर तामुलपुर के विधायक श्री जोलेन दैमारी और गुवाहाटी (पूर्व) के विधायक श्री सिद्धार्थ भट्टाचार्य, असम सरकार और केवीआईसी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

❑❑

असम को केवीआईसी के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्रदान करने के हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ केवीआईसी के माननीय अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने गुवाहाटी के माननीय विधायक श्री सिद्धार्थ भट्टाचार्य के साथ स्वचालित अगरबत्ती और अचार बनाने की मशीन वितरित की।







माननीय अध्यक्ष, केवीआईसी ने असम की अपनी यात्रा के दौरान खादी कारीगरों से मुलाकात की। आयोग के अध्यक्ष, कुमारीकाटा में स्थित खादी ग्रामोद्योग विद्यालय, तामुलपुर के प्यार और जुनून से बहुत प्रभावित हुए, ये खादी कारीगर चरखा इकाई और खादी निर्माण के कार्यों में लगे हुए हैं।

आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने माननीय विधायक श्री जोलेन दैमारी, तामुलपुर के साथ बी –बॉक्स और लाइव बी–कॉलोनियों के वितरण के लिए तामुलपुर का दौरा किया। आयोग के अध्यक्ष ने असम के कुमारीकाटा में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत मधुमक्खी पालकों की बैठक को भी संबोधित किया।







4 मई, 2023 को केवीआईसी के नव नियुक्त वित्तीय सलाहकार श्री पंकज बोडखे ने अध्यक्ष सचिवालय, नई दिल्ली में केवीआईसी के माननीय अध्यक्ष श्री मनोज कुमार से मुलाकात की।




माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वीट क्रांति के आह्वान पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर हनी मिशन योजना क्रियान्वित की जा रही है। इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के 500 लाभार्थियों को 5000 बी-बॉक्स वितरित किए गए।



केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने अरुणाचल प्रदेश में तवांग से बुमलादर्रे के रास्ते में स्थित संगेस्टार त्सो झील और माधुरी झील के नाम से लोकप्रिय झील का दौरा किया। भारत, सुंदर दृश्यों और विविध संस्कृति की भूमि, हर कोने पर कुछ न कुछ प्रदान करता है।






आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने बोमडिला, वेस्टकामेंग में स्थानीय कारीगरों को अचार मशीनरी (एबीएफपीआई) वितरित की और इन बेहद प्रतिभाशाली कारीगर, जो घरेलू उत्पादों के स्थानीय उत्पादन करते हैं, समुदाय के साथ बातचीत की। आयोग के अध्यक्ष का अरुणाचल में इन स्थानीय लोगों के साथ यह एक अद्भुत अनुभव रहा है।




भारत के सीमावर्ती गांवों में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्टार्टअपइंडिया के विजन के तहत #उद्यमिता और स्टार्टअप–संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तवांग, अरुणाचल प्रदेश में पीएमईजीपी जागरूकता शिविर को संबोधित किया। इससे युवा भारतीयों को नौकरियां मांगने के बजाय नौकरियां पैदा करने में मदद मिलेगी।

केवीआईसी द्वारा पीएमईजीपी जागरूकता शिविर युवा उद्यमियों को सब्सिडी, लाभ, इनक्यूबेशन और बहुत कुछ के लिए आवेदन करने के लिए आवेदन की प्रक्रिया को समझने में मदद करते हैं। इसके माध्यम से केवीआईसी का उद्देश्य उन्हें अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने हेतु राह देना है।



**केवीआईसी के अध्यक्ष ने तवांग वार मेमोरियल का दौरा किया, जो वर्ष 1962 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय शहीदों की स्मृति में बनाया गया एक स्तूप (बौद्ध तीर्थस्थान) है। आयोग के अध्यक्ष ने उन राष्ट्रीय नायकों को नमन किया, जिन्होंने देश के लिए लड़ाई लड़ी और हमारे भारतीय उपमहाद्वीप का निर्माण किया।**







केवीआईसी, एरी सिल्क प्रशिक्षण और उत्पादन केंद्र, खादी संस्था – बौद्ध संस्कृति संरक्षण सोसायटी (बीसीपीएस) ल्होउ, जिला तवांग के माध्यम से भारतीय सीमावर्ती गांवों में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है।







# केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा अरुणाचल प्रदेश और असम में चल रही खादी और ग्रामोद्योग विकास योजना से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ' आत्मनिर्भर भारत' और 'स्थानीय से वैश्विक' अभियान को पूर्वोत्तर राज्यों के दूरदराज के गांवों तक ले जाने के प्रयास में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने असम और अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया। दिनांक 8 मई से 13 मई तक अपने प्रवास के दौरान उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में चल रही खादी और ग्रामोद्योग विकास योजना से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के लाभार्थियों से संपर्क किया जहां उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए शुक्रवार को तवांग में पीएमईजीपी जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया।



इस अवसर पर केवीआईसी अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए तवांग शहर में केवीआईसी, ईटानगर का उप कार्यालय खोलने की घोषणा की। तवांग के लोगों की ओर से यहां एक कार्यालय खोलने की लंबे समय से मांग की जाती रही है। केवीआईसी ईटानगर कार्यालय से तवांग पहुंचने में लगभग 48 घंटे अर्थात 2 दिन लगते हैं।

तवांग में केवीआईसी का उप कार्यालय खुलने के बाद, यह तवांग शहर के युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसरों और जरूरतों को पूरा करेगा।



इस अवसर पर अध्यक्ष ने लोहू में खादी एरी सिल्क प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र का भी दौरा किया। यहां यह बताना जरूरी होगा कि केवीआईसी ने पिछले साल अरुणाचल प्रदेश में रेशम उद्योग को पुनर्जीवित करने और और उसके साथ स्थायी तरीके से स्थानीय रोजगार पैदा करने हेतु एक ऐतिहासिक कदम में चीन और भूटान की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के तवांग में खादी एरी रेशम प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र की स्थापना की । केंद्र लगभग 14,000 फीट की ऊंचाई पर बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियों पर स्थित है, और इसे बौद्ध संस्कृति संरक्षण सोसायटी, बोमडिला की सहायता से स्थापित किया गया है। सोसायटी ने रेशम केंद्र के लिए भवन उपलब्ध कराया है और केवीआईसी ने हथकरघा, चरखा, रेशम रीलिंग मशीन और वॉरपिंग ड्रम आदि जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं प्रदान की हैं। यह तवांग और पश्चिम कामेंग जिलों की 20 महिला कारीगरों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहा है। अध्यक्ष ने कारीगरों को आश्वासन दिया कि खादी एरी सिल्क प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र की एक शाखा तवांग शहर में भी खोली जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ इरादों ने खादी क्षेत्र में नई जान फूंकने का काम किया है। खादी अब लोकल से ग्लोबल हो गई है और वित्तीय वर्ष 2022-23 में 31 जनवरी 2023 तक केवीआई उत्पादों का कारोबार रु.1,08,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है ।




अध्यक्ष ने दिनांक 12 मई को बोमडिला, अरुणाचल में 20 लाभार्थियों को अचार बनाने की मशीन वितरित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से केवीआईसी हर गांव को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। केवीआईसी ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत भारतीय पारंपरिक उद्योगों के श्रमिकों को उपकरण और मशीनरी वितरित कर रहा है, जिससे पारंपरिक उद्योगों के कारीगरों की आय में वृद्धि हो रही है, उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है, साथ ही भारतीय पारंपरिक उद्योगों को संरक्षित और बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है।



**केवीआईसी के अध्यक्ष ने दिनांक 8 मई को असम से पूर्वोत्तर राज्यों की यात्रा शुरू की थी। उन्होंने यहां दो अलग-अलग कार्यक्रमों में लाभार्थियों को बी बॉक्स , अचार और स्वचालित अगरबत्ती बनाने की मशीन वितरित कीं। तामुलपुर के कुमारीकाटा गांव में, उन्होंने 50 मधुमक्खी पालकों को 500 बी बॉक्स वितरित किए, जबकि गुवाहाटी के केवीआईसी कॉम्प्लेक्स में, 40 अचार बनाने वाली मशीनें और 20 स्वचालित अगरबत्ती बनाने वाली मशीनें लाभार्थियों को सौंपी । इसके अलावा, इसी प्रक्रिया में यहां ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत सिक्स-माइल गुवाहाटी में फुटवेयर उद्योग से संबंधित एक पायलट परियोजना भी शुरू की गई ।**

दिनांक 10 मई को, श्री मनोज कुमार ने लोहू, अरुणाचल प्रदेश में ग्रामोद्योग विकास योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत एक जागरूकता शिविर में भाग लिया, जहां बड़ी संख्या में युवाओं और लाभार्थियों ने शिविर में भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज वह खुद अरुणाचल के युवाओं के बीच प्रधानमंत्री का विजन लेकर आए हैं, जिसमें उन्होंने देश के युवाओं से अपील की है कि वे नौकरी मांगने वाले बनने के बजाय नौकरी देने वाले बनें।






श्री मनोज कुमार ने तवांग में मोनपा हस्तनिर्मित कागज निर्माण इकाई का भी दौरा किया और इससे जुड़े कारीगरों से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि, केवीआईसी के समर्पित प्रयासों के कारण, अरुणाचल प्रदेश की 1000 साल पुरानी पारंपरिक कला, मोनपा हाथकागज उद्योग, जो हाल ही में विलुप्त हो गई थी, अब एक बार फिर जीवंत हो गई है। मोनपा हाथकागज कागज बनाने की कला 1000 साल पहले उत्पन्न हुई, और धीरे-धीरे तवांग, अरुणाचल प्रदेश में स्थानीय रीति-रिवाजों और संस्कृतियों का एक अभिन्न अंग बन गई। पिछले 100 वर्षों से यह हाथकागज उद्योग लगभग लुप्त हो गया था; और जो अब केवीआईसी की मदद से वर्ष 2020 में फिर से चालू हो गया है। श्री कुमार ने मोनपा हाथकागज उद्योग से जुड़े कारीगरों को बधाई दी और आश्वासन दिया कि 50 कारीगरों को केवीआईसी, जयपुर के कुमारप्पा राष्ट्रीय हाथकागज कागज संस्थान में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा, ताकि मोनपा हाथकागज को विश्व स्तरीय कागज उत्पाद बनाया जा सके।

उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पारंपरिक हस्तनिर्मित मोनपा कागज की अच्छी मांग है और केवीआईसी का प्रयास होगा कि अरुणाचल प्रदेश के मोनपा हाथकागज को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाई जाए, जिससे अधिक से अधिक रोजगार पैदा हो सके।





# "मेक इन इंडिया" के साथ–साथ "मेक फॉर द वर्ल्ड" का मंत्र







## उत्तर प्रदेश के हापुड में केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा ग्राम विकास योजना के तहत टूल्स किट वितरण







खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार के नेतृत्व में केवीआईसी के मंडलीय कार्यालय मेरठ द्वारा उत्तर प्रदेश के हापुड़ के गढ़ मुक्तेश्वर तहसील के नानपुर गांव में ग्राम विकास योजना वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में, हनी मिशन के भाग के रूप में, 30 मधुमक्खी पालकों को 300 बी बॉक्स और बी कालोनियां प्रदान की गई। कुम्हार सशक्तिकरण योजना के तहत, 100 कुम्हारों को इलैक्ट्रिक पॉटर व्हील एवं 75 चमड़े के कारीगरों को फुटवेयर की मरम्मत हेतु टूलकिट प्रदान किए गए। इस अवसर पर गढ़ मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री हरेन्द्र सिंह तेवतिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए श्री मनोज कुमार ने कहा कि सभी को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रदान की जा रही मशीनरी और टूलकिट का उपयोग करना चाहिए और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत दुनिया के सामने खुद को एक मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में प्रदर्शित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री के स्थानीय से वैश्विक भारत के विजन को साकार करने के लिए "मेक इन इंडिया" के साथ-साथ "मेक फॉर द वर्ल्ड" के मंत्र के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

# हिसार में पीएमईजीपी जागरूकता शिविर का आयोजन

1 मई, 2023 हिसार :प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के भारत को आत्मनिर्भर बनाने के प्रस्तावना को आगे बढ़ाते हुए, आज हरियाणा के हिसार में युवा छात्रों के साथ पीएमईजीपी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें उद्यमिता और उत्पाद और रोजगार सृजन के माध्यम से भारत को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने के बारे में जानकारी दी गई।

खादी और ग्रामोद्योग प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से भारत के बाहरी इलाकों में रोजगार पैदा करने में अग्रणी रहा है, और इस आत्मनिर्भर भारत अभियान ने युवाओं को हमारे देश में मौजूद अपार अवसरों के बारे में जागरूक करने में मदद की है।









# केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने पीएमईजीपी इकाई का दौरा किया

## लाभार्थियों को प्रदान की जा रही मूल्य संवर्धन गतिविधियों का निरीक्षण किया

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा विकास योजनाओं के तहत



भारतीय उद्योगों के वर्कर्स को उपकरण एवं मशीनरी का वितरण किया जा रहा है,जिससे परम्परागत उद्योगों के वर्कर्स की आय में वृद्धि कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके। रोजगार सृजन हेतु मध्यप्रदेश के 4 अलग-अलग शहरों में 4 स्फूर्ति क्लस्टर चल रहे हैं, जिनमें लगभग 1783 कारीगरों को रोजगार मिल रहा है।



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वीट क्रांति के आह्वान पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर हनी मिशन योजना क्रियान्वित की जा रही है। इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के 500 लाभार्थियों को 5000 बी-बॉक्स वितरित किया गया।




**खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने जिला-मुरैना के पोरसा में ग्राम विकास योजना के तहत बी बॉक्स, इलेक्ट्रिक चॉक और फुटवेयर निर्माण संबंधी मशीनों का वितरण किया। हनी मिशन के तहत पोरसा, मुरैना में 60 लाभार्थियों को 600 बी बॉक्स भी वितरित किए गए।**



# आयोग के अध्यक्ष महोदय ने केवीआईसी की राष्ट्रीय ध्वज निर्माण संस्था "मध्य भारत खादी संघ" का दौरा किया।





# Khadi India





On

*International*

# YOGA DAY



*Unwind and embrace the spirit of* **YOGA**

**20%OFF** on Khadi and **10%OFF** on VI products

## Special Discount Offer

Enhance your Yoga practice with our premium Khadi products, known for their comfort and natural essence. This summer, embrace the harmony of Yoga and treat yourself to versatile quality products

### Offer valid on: 20th & 21st June, 2023

**Get ready to strike a pose and unlock a world of saving!**

*Khadi Outlets*

- Main Showroom: 24, Regal Building, Connaught Place
- Khadi Lounge, A-1 Baba Khadak Singh Marg, CP
- Khadi Haat, Hanuman Mandir, CP
- Shop-26, Sector 8, SPG Complex, Dwarka
- Sector - 8, RK Puram
- Sector - 3, Rohini
- Sector - 27 Noida

**Khadi & Village Industries Commission**
**Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises**
**Government of India**